# मई 2009 में जारी संशोधित अनुमानों और जनवरी 2010 में जारी त्वरित अनुमानों के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2008-09 की वृद्धि दर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | स.घ.उ. में वृद्धि 2008-09 | | अनुमानों में संशोधन के कारण |
|---|---|---|---|
| | मई 2009 | जनवरी 2010 | |
| 1. कृषि,वानिकी एवं मत्स्यन | 1.6 | 1.6 | कोई संशोधन नहीं है । |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 3.6 | 1.6 | अधोमुखी संशोधन, राज्यों से उपलब्ध छोटे खनिजों पर डाटा के प्रयोग के कारण है जिसने छोटे खनिजों के उत्पादन में वृद्धि को (-) 0.4 प्रतिशत पर दर्शाया है । इस मद के लिए मई, 2009 के अनुमान, आइआइपी-खनन (2.3 प्रतिशत) में अवलोकित वृद्धि पर आधारित थे । |
| 3. विनिर्माण | 2.4 | 3.2 | उर्ध्वगामी संशोधन, मई 2009 (2.3 प्रतिशत) में आईआईपी के प्रथम अनुमानों के स्थान पर जनवरी 2010 (2.7 प्रतिशत) में आइआइपी के अंतिम अनुमानों का प्रयोग करने के कारण हैं । |
| 4. बिजली, गैस एवं जल आपूर्ति | 3.4 | 3.9 | उर्ध्वगामी संशोधन, नवीनतम डाटा की उपलब्धता के कारण (7.1 प्रतिशत से 11.5 प्रतिशत तक) और जल आपूर्ति (6.8 प्रतिशत से 8.6 प्रतिशत तक) के अनुमानों में संशोधन के कारण है । मई 2009 के अनुमान, पिछले कुछ वर्षों की प्रवृत्ति के आधार पर संशोधित किए गए थे । |
| 5. निर्माण | 7.2 | 5.9 | जनवरी 2010 के अनुमान में सरकारी कच्चा निर्माण में मुख्यतः गिरावट है जो कि मई 2009 के संशोधित अनुमान की बजाय केंद्र और राज्य के संशोधित अनुमानों पर आधारित है । |
| 6. व्यापार,.होटल, परिवहन, भण्डारण एवं संचार | 5.6 | 5.3 | सीमांत संशोधन है और नई श्रृंखलाओं में मुख्यतः संचार के शेयर में कमी के कारण है । |
| 7. वित्त व्यवस्था, बीमा, स्थावर संपदा एवं व्यावसायिक सेवाएं | 7.8 | 10.1 | अर्ध्वगामी संशोधन, मुख्यतः जीवन बीमा के मूल्य वर्द्धन में महत्वपूर्ण चढ़ाव के कारण है (मई 2009 में 3.0 प्रतिशत के पूर्व संशोधित अनुमान की तुलना में जनवरी 2010 में 34.8 प्रतिशत) |
| 8. सामुदायिक, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाएं | 13.1 | 13.9 | उर्ध्वगामी संशोधन मुख्यतः सरकारी कर्मचारियों के वेतनों एवं मजदूरियों में प्रत्याशित वृद्धि से अधिक होने के कारण है ।<br>(16.6 प्रतिशत की तुलना में 22.1 प्रतिशत) |
| 9.कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद | 6.7 | 6.7 | – |

*जनवरी 2009 के अनुमान, पिछले आधार वर्ष 1999-2000 के अनुसार है और जनवरी 2010 के अनुमान नए आधार वर्ष 2004-05 के अनुसार हैं ।

## जनवरी 2009 में जारी त्वरित अनुमानों और जनवरी 2010 में जारी अनुमानों के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2007-08 की वृद्धि दर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | स.घ.उ. में वृद्धि 2007-08 | | अनुमानों में संशोधन के कारण |
|---|---|---|---|
| | जनवरी 2009 | जनवरी 2010 | |
| 1. कृषि | 5.0 | 5.0 | कोई संशोधन नहीं है । |
| 2. वानिकी और लट्ठे बनाना | 2.1 | 2.2 | 2005-06 के विवरण में उल्लिखित कारणों के अलावा, सीमांत संशोधन है । |
| 3. मत्स्यन | 4.6 | 6.0 | संशोधन, समुद्री मछली, झींगा, साल्टिड और सनड्राइड मछली और फ्रोजन मछली के संबंध में राज्यों से प्राप्त नवीनतम डाटा के समावेश करने के कारण है । पिछले अनुमान केवल समुद्री मछली के अखिल भारत डाटा पर आधारित थे । |
| 4. खनन और उत्खनन | 3.3 | 3.9 | अनुमानों में संशोधन प्रमुख एवं गौण खनिजों के संशोधित आंकड़ों तथा निवेश के आंकड़ों की उपलब्धता के कारण है । |
| 5. पंजीकृत विनिर्माण | 7.6 | 10.1 | उर्ध्वगामी संशोधन, पुरानी श्रृंखला में आइआइपी की वृद्धि के स्थान पर एएसआई 2007-08 जीवीओ वृद्धि के प्रयोग करने के कारण है । |
| 6. अपंजीकृत विनिर्माण | 9.6 | 10.7 | संशोधन, 2005-06 के विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 7. बिजली, गैस और जल आपूर्ति | 5.3 | 8.5 | बिजली उप क्षेत्र में संशोधन, एनडीसीयू के वार्षिक लेखाओं की प्राप्ति और संस्थापित बायो गैस प्लांट की संख्या में संशोधन और वायु ऊर्जा के उत्पादन को सम्मिलित करने हेतु कवरेज में विस्तार के कारण है । |
| 8. निर्माण | 10.1 | 10.0 | 2005-06 के विवरण में उल्लिखित कारणों क अलावा, सीमांत संशोधन है । |
| 9. व्यापार | 10.0 | 9.2 | 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 10. होटल और **जलपान गृह** | 11.5 | 12.8 | 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 11. रेलवे | 9.3 | 9.8 | संशोधन, संशोधित अनुमानों की बजाय वास्तविक अनुमानों के प्रयोग के कारण है । |
| 12. अन्य साधनों के द्वारा परिवहन | 7.7 | 7.9 | 2005-06 के विवरण में उल्लिखित कारणों के अलावा, सीमांत संशोधन है । |
| 13. भण्डारण | -1.3 | 4.6 | 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 14. संचार | 25.6 | 28.4 | 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों के अलावा, संशोधन, संशोधित अनुमानों के बजाय वास्तविक अनुमानों के प्रयोग के कारण है । |
| 15. बैंकिंग और बीमा | 15.4 | 16.8 | 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों के अलावा, 1999-00 श्रृंखला में एनबीएफसी में वृद्धि 5.0 प्रतिशत थी, जबकि अब यह 8.8 प्रतिशत अनुमानित है । |
| 16. स्थावर संपदा, निवास-गृहों का स्वामित्व, व्यवसाय और विधिक सेवाएं | 8.5 | 10.5 | 2005-06 के विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17. लोक प्रशासन और रक्षा | 4.2 | 7.4 | 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों के अलावा, संशोधन, संशोधित अनुमानों की बजाय वास्तविक अनुमानों के प्रयोग के कारण हैं । (वेतन एवं मजदूरी, 1999-00 श्रृंखला में 10.4 प्रतिशत की तुलना में नई श्रृंखला में 13.9 प्रतिशत बढ़ी थी । |
| 18. अन्य सेवाएं | 8.5 | 6.3 | 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 19. कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद | 9.0 | 9.22 | - |

*जनवरी 2009 के अनुमान, पिछले आधार वर्ष 1999-2000 के अनुसार है और जनवरी 2010 के अनुमान नए आधार वर्ष 2004-05 के अनुसार हैं ।

# जनवरी 2009 में जारी अनुमानों और जनवरी 2010 में जारी अनुमानों के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2006-07 की वृद्धि दर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | स.घ.उ.में वृद्धि 2006-07 | | अनुमानों में संशोधन के कारण |
|---|---|---|---|
| | जनवरी 2009 | जनवरी 2010 | |
| 1. कृषि | 4.1 | 3.8 | वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों के अलावा, अभ्यारोपित बैंक प्रभारों के निवेश में 19.2 प्रतिशत की पूर्व अनुमानित वृद्धि से 52.9 प्रतिशत तक की पर्याप्त बढ़ोतरी हुई है । |
| 2. वानिकी और लट्ठे बनाना | 2.4 | 3.0 | वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों के अलावा, राज्य वन विभाग की सूचना के अनुसार छोटे वन उत्पादों के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है । |
| 3. मत्स्यन | 3.0 | 3.0 | कोई संशोधन नहीं है । |
| 4. खनन और उत्खनन | 8.8 | 8.7 | 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों के अलावा, सीमांत संशोधन है । |
| 5. पंजीकृत विनिर्माण | 11.6 | 16.7 | उर्ध्वगामी संशोधन, पिछली श्रृंखला में आईआईपी की वृद्धि दर के स्थान पर एएसआई 2006-07 गणना परिणाम के प्रयोग के कारण है । |
| 6. अपंजीकृत विनिर्माण | 12.0 | 11.6 | संशोधन, वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 7. बिजली, गैस और जल आपूर्ति | 5.3 | 10.0 | वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 8. निर्माण | 11.8 | 10.6 | संशोधन, वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है लेकिन मुख्य संशोधन फिक्चर्स और फिटिंग्स के मूल्य में था । (पिछली श्रृंखला मं 81.6 प्रतिशत की तुलना में नई श्रृंखला में 26.5 प्रतिशत वृद्धि) फिक्स्चर्स |
| 9. व्यापार | 9.9 | 10.8 | संशोधन, निजी निगमित क्षेत्र के संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण है । |
| 10. होटल और **जलपान ग्रह** | 15.9 | 14.6 | संशोधन, निजी निगमित क्षेत्र के संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण है । |
| 11. रेलवे | 10.0 | 11.1 | संशोधन वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 12. अन्य साधनों द्वारा परिवहन | 8.8 | 8.8 | कोई संशोधन नहीं है । |
| 13. भण्डारण | 3.2 | 9.9 | संशोधन वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 14. संचार | 27.7 | 25.3 | संशोधन वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 15. बैंकिंग और बीमा | 20.3 | 21.1 | संशोधन वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. स्थावर संपदा, निवास गृहों का स्वामित्व, व्यवसाय और विधिक सेवाएं | 8.6 | 10.1 | संशोधन वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 17. लोक प्रशासन और रक्षा | 4.0 | 0.8 | वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों के अलावा, वेतन एवं मजदूरी, 1999-00 श्रृंखला में 10.8 प्रतिशत की तुलना में नई श्रृंखला में 6.5 प्रतिशत बढ़ी । |
| 18. अन्य सेवाएं | 6.9 | 3.9 | वर्ष 2005-06 के निम्नलिखित विवरण में उल्लिखित कारणों की वजह से है । |
| 19. कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद | 9.7 | 9.7 | - |

*जनवरी 2009 के अनुमान, पिछले आधार वर्ष 1999-2000 के अनुसार है और जनवरी 2010 के अनुमान नए आधार वर्ष 2004-05 के अनुसार हैं ।

# जनवरी 2009 में जारी अनुमानों और जनवरी 2010 में जारी अनुमानों के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2005-06 की वृद्धि दर में संशोधन के कारण

| क्षेत्र | स.घ.उ.में वृद्धि 2005-06 | | अनुमानों में संशोधन के कारण |
|---|---|---|---|
| | जनवरी 2009 | जनवरी 2010 | |
| 1. कृषि | 6.0 | 5.6 | संशोधन मुख्यतः नई श्रृंखला में अपनाई गई कार्य विधियों में परिवर्तनों के कारण है, जो कि www.mospi.gov.in पर उपलब्ध नई श्रृंखला पर ब्रोशर में प्रलेखित हैं । दो मुख्य परिवर्तन हैं (i) कृषि मंत्रालय द्वारा जारी अंतिम अनुमानों की बजाय राज्यों द्वारा जारी संशोधित उत्पादन अनुमानों को पूरी तरह अपनाना और (ii) वन स्रोतों से पशुधन के चारे का समावेश, जिसने निवेश के स्तरों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा दिया है । |
| 2. वानिकी और लटठे बनाना | 1.3 | 2.0 | संशोधन मुख्यतः नई श्रृंखला में अपनाई गई कार्य विधियों में परिवर्तनों के कारण है । निम्नलिखित कारणों की वजह से नई श्रृंखला में उत्पादन के मूल्य में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई है । (i) वनों से बाहर वृक्षों से प्राप्त लट्ठों का समावेश (ii) वन स्रोतों से पशुधन का चारा प्राप्त करना, जिसके कारण मद स्तर पर भारण पैटर्न में परिवर्तन हुआ है । उपभोग व्यय पर, रा.प्र.सर्वे. के 61 वे दौर के आंकड़ों का प्रयोग करने के कारण भी, ईंधन उपभोग की वृद्धि दर में पिछली श्रृंखला में 2.0 प्रतिशत वृद्धि दर की तुलना में नई श्रृंखला में 6.0 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है । |
| 3. मत्स्यन | 7.3 | 5.7 | अधोमुखी संशोधन, नई श्रृंखला में निवेश में वृद्धि के कारण है । नई श्रृंखला में सभी राज्यों के लिए समान रूप से मछली उत्पादन के विभिन्न प्रकारों के लिए, कुल उत्पादन के प्रतिशत के रूप में निवेश का अनुमान लगाया जाता है । |
| 4. खनन और उत्खनन | 4.9 | 1.3 | अधोमुखी संशोधन, पिछली श्रृंखला में प्रयोग किए गए 1999-00 मूल्य के स्थान पर नए आधार वर्ष (2004-05 मूल्य) में कुछ पदार्थों विशेषकर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस में मूल्य अंतर होने के कारण है । |
| 5. पंजीकृत विनिर्माण | 9.3 | 11.3 | उर्ध्वगामी संशोधन, पिछली श्रृंखला में प्रयोग किए गए आईआईपी परिणामों के स्थान पर एएसआई 2005-06 के परिणामों के प्रयोग के कारण है । |
| 6. अपंजीकृत विनिर्माण | 8.6 | 6.5 | संशोधन अपनाई गई कार्य विधि में परिवर्तनों के कारण है । निम्नलिखित में यदा-कदा मुख्य परिवर्तन होते हैं (i) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) ( एएसआई के अंतर्गत कवर्ड उद्यमों से भिन्न) और शेष असंगठित विनिर्माण के उद्यमों के लिए अलग से तैयार अनुमान (ii) रा.प्र.सर्वे.सं. उद्यम सर्वेक्षण के 62वें दौर से स्थल की बजाय कार्य स्थान के आधार पर प्रयुक्त श्रम निवेश । |
| 7. बिजली, गैस और जल आपूर्ति | 5.1 | 6.6 | संशोधन, एनडीसीयू के वार्षिक लेखाओं की प्राप्ति और संस्थापित बायो गैस प्लांट की संख्या में संशोधन और वायु ऊर्जा के उत्पादन को सम्मिलित करने हेतु कवरेज में विस्तार के कारण है । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. निर्माण | 16.2 | 12.4 | संशोधन, मुख्यतः एएसआई 2004-05 के डाटा के प्रयोग करने के कारण हैं । वर्ष 2004-05 की श्रृंखला के लिए निर्माण सामग्री के लिए वस्तु समूह को, एनआईसी के 1999-2000 के दौरान किए गए आधार संशोधन के चार डिजिट स्तर की बजाय एएसआईसीसी के पांच डिजिट स्तर पर वार्षिक उद्योग संक्षेपण (एएसआई) 2004-05 के विस्तृत परिणाम के विश्लेषण द्वारा अंतिम रूप दे दिया गया है । इसमें लेखाबद्ध निर्माण यानि ईंटों और टाइलों का मूल्य (पिछली श्रृंखला में 16.7 प्रतिशत की तुलना में नई श्रृंखला में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि) और फिक्स्चर्स और फिटिंगस (पिछली श्रृंखला में 56.6 प्रतिशत की तुलना में नई श्रृंखला में 16.2 प्रतिशत की वृद्धि) के अनुमानों में प्रमुख संशोधन को ध्यान में रखा गया है । |
| 9. व्यापार | 9.8 | 11.8 | संशोधन, पिछली श्रृंखला में निजी निगमित क्षेत्र के लिए प्रदत्त पूंजी में वृद्धि के प्रयोग के स्थान पर आरबीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए निजी निगमित क्षेत्र पर डाटा के प्रयोग के कारण है । |
| 10. होटल और जलपान ग्रह | 14.6 | 17.8 | संशोधन, पिछली श्रृंखला में निजी निगमित क्षेत्र के लिए प्रदत्त पूंजी में वृद्धि के प्रयोग के स्थान पर आरबीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए निजी निगमित क्षेत्र पर डाटा के प्रयोग के कारण है । |
| 11. रेलवे | 8.8 | 7.5 | अधोमुखी संशोधन, भाड़ा एवं यात्री राजस्व के बीच भारण में परिवर्तनों और आधार वर्ष में परिवर्तन के कारण है । |
| 12. अन्य साधनों द्वारा परिवहन | 8.3 | 9.0 | उर्ध्वगामी संशोधन मुख्य रूप से, 61वें दौर के रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण पर आधारित कार्यदल अनुमानों और रा.प्र.सर्वे.सं. के 63वें दौर के जीवीएपीडब्ल्यू के प्रयोग के कारण निजी संगठित और असंगठित क्षेत्र में संशोधन के कारण है । |
| 13. भण्डारण | 1.2 | 4.7 | संशोधन, 61वें दौर के रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण पर आधारित कार्यदल अनुमानों और रा.प्र.सर्वे.सं. के 63वें दौर के जीवीएपीडब्ल्यू और एएसआई 2004-05 डाटा के प्रयोग के कारण है । |
| 14. संचार | 26.8 | 22.5 | अधोमुखी संशोधन, मुख्यतः नई श्रृंखला में अपनाई गई कार्यविधि के कारण निजी संचार में संशोधन के कारण हैं । मुख्य परिवर्तन हैं (i) 61वें दौर के रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण पर आधारित कार्यदल अनुमानों और रा.प्र.सर्वे.सं. के 63वें दौर के जीवीएपीडब्ल्यू का प्रयोग (ii) प्राइवेट कार्पोरेट सेक्टर (केबल ऑपरेटर्स ओर कोरियर के अलावा) के लिए, प्रतिमाह प्रति उपभोक्ता (एआईपीयू) औसत राजस्व के उत्पाद और शुल्क दाताओं की संख्या पर सेम्पल प्राइवेट सेल्यूलर कंपनियों के जीवीओ/जीवीए अनुपात के प्रयोग द्वारा अनुमान तैयार किए गए हैं । |
| 15. बैंकिंग और बीमा | 14.2 | 15.9 | उर्ध्वगामी संशोधन मुख्यतः, आरबीआई से एनबीएफसी पर नवीनतम रिपोर्टों की उपलब्धता के कारण गैर सरकारी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के आधार वर्ष अनुमानों में परिवर्तन के कारण है । 1999-00 श्रृंखला में एनबीएफसी में वृद्धि 0.1 प्रतिशत थी जबकि अब यह 4.2 प्रतिशत अनुमानित है । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. स्थावर संपदा, निवास गृहों का स्वामित्व, | 9.2 | 10.8 | संशोधन, नई श्रृंखला में अपनाई गई कार्यविधि में परिवर्तन के कारण मुख्यतः है । सबसे प्रमुख बदलाव, ग्रामीण निवास गृहों के जीवीए के आकलन के लिए उपभोक्ता लागत को माध्यम बनाना रहा है । |
| 17. लोक प्रशासन और रक्षा | 4.9 | 3.6 | अधोमुखी संशोधन, इन व्ययों के सप्रयोजन वर्गीकरण और सरकारी निकायों के लिए बृहत् आर्थिक पूर्णयोगों के आकलनों की कार्यप्रणाली में परिवर्तन के कारण है । नई श्रृंखला में शिक्षा और स्वास्थ्य पर व्यय को उद्योग " अन्य सेवा क्षेत्र" में शामिल किया गया है । जबकि 1999-00 श्रृंखला में यह व्यय लोक प्रशासन और रक्षा का हिस्सा था । (इस वर्गीकरण के कारण, वेतन एवं मजदूरी 1999-00 श्रृंखला में 9.2 प्रतिशत की तुलना में नई श्रृंखला में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई गई) |
| 18. अन्य सेवाएं | 8.6 | 10.6 | संशोधन, मुख्यतः नवीनतम सर्वेक्षण परिणामों के प्रयोग के कारण है (रा.प्र.सर्वे.के 61वें दौर के अनुमानित कार्यदल और रा.प्र.सर्वे. के 63 वें दौर से वीएपीडब्ल्यू) |
| 19. कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद | 9.5 | 9.5 | |

*जनवरी 2009 के अनुमान, पिछले आधार वर्ष 1999-2000 के अनुसार है और जनवरी 2010 के अनुमान नए आधार वर्ष 2004-05 के अनुसार हैं ।